106

महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरमाषः 0135–2608763, फैक्सः 0135–2608746

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / 2020 / 618

दिनांक :3। मई, 2020

सेवा में,

निदेशक (भण्डार),
महानिदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
उत्तराखण्ड।

विषय : डेंगू रोग एवं COVID-19 जांच सुविधा के सुदृढ किये जाने के लिए ELISA Machine एवं TRUENAT मशीन क्रय विषयक।

महोदय

अवगत होना चाहें कि वर्तमान में COVID-19 संक्रमण एक जन स्वास्थ्य समस्या के रूप मे परिलक्षित हो रहा है व आगामी माहों मे डेंगू रोग के प्रसारित होने की भी सम्भावना बनी हुई है। जैसा कि आप विदित है कि गत वर्ष उत्तराखण्ड राज्य में 10,622 डेंगू केस रिपोर्ट हुए थे। डेंगू एवं COVID-19 संक्रमण की समुचित रोकथाम के लिए समयान्तर्गत जांच की जानी आवश्यक है। डेंगू रोग की जांच के लिए ELISA जांच तकनीक ही मान्य है व ICMR के पत्रांक D.O No. ECD/COVID 19/Misc./2020 दिनांक 30 / 04 / 2020 (संलग्न) का अवलोकन करना चाहें जिसमे COVID-19 सर्विलेन्स हेतु ELISA जांच पद्वति को मान्य बताया गया है। अतः जांच सुविधा के सुदृढ किये जाने के लिए समस्त जनपदों मे 02 ELISA Machine प्रति जनपद (कुल मात्रा 26) स्थापित किया जाना है।

इसके अतिरिक्त COVID-19 रोकथाम हेतु सभी संदिग्धो की जांच की जानी अति आवश्यक है। वर्तमान मे उत्तराखण्ड राज्य मे राज्य के 04 मेडिकल कालेज मे RT PCR जांच की जा रही है जो कि कुल जांच हेतु पर्याप्त नही है। ICMR के पत्रांक दिनांक 14 / 04 / 2020, 19 / 04 / 2020 एवं 19 / 05 / 2020 (संलग्न) का अवलोकन करना चाहें जिसके द्वारा ICMR भारत सरकार द्वारा TRUENAT जांच को मान्यता प्रदान की गई है। वर्तमान मे राज्य में COVID-19 के सैम्पल लोड के दृष्टिगत व TRUENAT मशीन की जांच क्षमता के आधार पर 02 TRUENAT मशीन प्रति जनपद (कुल मात्रा 26) स्थापित किया जाना है।

उपरोक्तानुसार 26 ELISA Machine एवं 26 TRUENAT मशीन क्रय हेतु महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर राज्य क्षय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि केन्द्रीय क्षय अनुभाग, नई दिल्ली से कुल 16 TRUENAT मशीन राज्य द्वारा प्राप्त की जानी है जिसमे से वर्तमान में 05 TRUENAT मशीन उपलब्ध हो गई है एवं शेष 11 TRUENAT मशीन शीघ्र राज्य को प्राप्त हो जायेगी। इसके अनुसार 16 TRUENAT मशीन उपलब्ध होने के साथ राज्य हेतु शेष 10 TRUENAT मशीन का क्रय ही किया जाना है।

अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रस्ताव पर प्राप्त अनुमोदन अनुसार आप **26 ELISA Machine एवं 10 TRUENAT मशीन** का क्रय राज्य आपदा राहत धनराशि से करने का कष्ट करें।

संलग्न : यथोपरि।

भवदीय

(डा0 पंकज कुमार सिंह)
प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / 2020 / 619

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड शासन।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड शासन।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
5. चीफ आपरेशन ऑफिसर, राज्य कोरोना नियंत्रण सैल, उत्तराखण्ड।
6. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गढवाल मण्डल / कुमाऊ मण्डल।
7. नोडल अधिकारी COVID-19 स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय उत्तराखण्ड।

प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0

Scanned with CamScanner
Scanned by CamScanner